**जल जीवन मिशन- 'हर घर नल से जल योजना' कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 06.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय, बलिया की अध्यक्षता में जनपद-बलिया में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के निर्माण में विभिन्न विभागों से संबंधित आ रही बाधाओं एवं उनके निराकरण**

**हेतु आहूत समन्वय बैठक की कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन- हर घर नल से जल योजना कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 06.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय, बलिया की अध्यक्षता में जनपद-बलिया में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के निर्माण में विभिन्न विभागों से संबंधित आ रही बाधाओं एवं उनके निराकरण हेतु समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
2. अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, बलिया।
3. अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो0नि0वि0, बलिया।
4. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ बलिया।
5. सहायक अभियन्ता, सिचाई खण्ड प्रथम, बलिया।
6. सहायक अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, सिचाई विभाग , बलिया।
7. सहायक अभियन्ता, पी0आई0यू0, एन0एच0ए0आई0, आजमगढ़।
8. अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
9. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बलिया।
10. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
11. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रवन्धन इकाई, बलिया।
12. टीम लीडर मेसर्स मेधज लि. (टी0पी0आई0)।
13. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स EIIL-SIPL(IV), बलिया।
14. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स L&T बलिया।
15. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स GAJA-GAINFRA(IV), बलिया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनायें निर्माणाधीन हैं। जिसमे पेयजल योजनाओ मे इंटेकवेल का कार्य बाढ़ के कटान से प्रभावित होने, लोक निर्माण विभाग के मार्गों के चौड़ीकरण/विस्तारीकरण मे बिछायी जाने वाली पाइप लाइनों के डालने मे आ रही बाधाओ, समस्त विद्युत वितरण खण्डों द्वारा योजनाओ मे आपेक्षित विद्युत संयोजन को समय अन्तर्गत पूर्ण न करने, सिचाई खंड/ डी एफ ओ कार्यालय से अपेक्षित अनापत्ति न मिलने मे संबंधित विभागों से आवश्यक सहयोग न मिलने के कारण कार्य बाधित है अथवा लंबित है एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम स्तर पर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों आदि पर विचार विमर्श के क्रम में विभागवार आ रही बाधाओ की स्थिति निम्नवत हैं-

Scanned with OKEN Scanner

**लोक निर्माण विभाग -**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि हनुमानगंज एवं मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में सड़क चौड़ीकरण एवं विस्तार के कारण निम्न स्थलों पर कार्य प्रभावित हैं जिस पर विभिन्न पत्राचार एवं बैठक के उपरांत भी कार्य बाधित हैं:-

**हनुमानगंज एवं मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित वितरण प्रणाली के कार्य-**

- रसड़ा-कसीमाबाद मार्ग पर निर्मित सी डब्ल्यू आर को जोड़ने वाली मुख्य पाइप लाइने जो घोड़ा चौराहा-सी डब्ल्यू आर-सब्बलपुर मोड तक डाली जानी हैं। विभाग द्वारा रोड फोरलेन का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं:- प्रभावित लंबाई लगभग 10 किमी।
- सहतवार-छाता मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं:- प्रभावित लंबाई लगभग 1.1 किमी।
- बांसडीह-शंकरपुर मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं:- प्रभावित लंबाई लगभग 4.3 किमी ।
- गड़वार-नगरा मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं :- प्रभावित लंबाई लगभग 18 किमी ।
- मैरीटार-बांसडीह बाइपास मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं :- प्रभावित लंबाई लगभग 7 किमी ।
- करम्मर-सुखपुरा मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं :- प्रभावित लंबाई लगभग 6.3 किमी ।
- इंदरपुर-पिपरपाती बाहोरापुर मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं:- प्रभावित लंबाई लगभग 6.5 किमी ।
- गोधना-खमीरपुर एवं दौलतपुर-राजेश्वर मार्ग विभाग द्वारा रोड चौडीकरण का कार्य प्रगति पर हैं जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं :- प्रभावित लंबाई लगभग 4.3 किमी ।
- रसड़ा-नगरा-बेलथरारोड मार्ग पर पूर्व से ही लगभग 26 किमी पाइप लाइन डाली जा चुकी है, मात्र गेप एवं आंशिक पाइप लाइन का कार्य शेष है । विभाग द्वारा रोड फोरलेन का कार्य प्रगति पर हैं

Scanned with OKEN Scanner

जिसके पूर्ण होने के उपरांत ही उक्त पाइप लाइनों को डाले जाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए जा रहे हैं:- प्रभावित लंबाई लगभग 30 किमी।

**बाढ़ खंड एवं एन0एच0ए0आई0 से संबंधित प्रस्ताव :-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में निर्माणाधीन इण्टेकवेल का कार्य विगत 02 वर्षों से लगातार गंगा नदी की बाढ़ की कटान से प्रभावित है जिसमे विगत 2 वर्षों से लगभग 100 मी० कटान हो गया है जिससे उक्त स्थल पर इण्टेकवेल के कार्य भी लगातार प्रभावित होने के साथ निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे के कटान से प्रभावित होने के साथ-साथ निवासित आबादी के भी प्रभावित होने की सम्भावना है। अतः कटान रोधी कार्य कराया जाना अत्यंत आवश्यक है जिसे प्रस्तावित कर बाढ़ खण्ड, सिचाई विभाग अथवा एन०एच०ए०आई० द्वारा कराया जाना उचित होगा।

**सतही स्रोत योजनाओं में, एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं मे विद्युत विभाग के कार्यों की स्थिति:-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित 03 नग निर्माणाधीन योजनाओं में 15 नग विद्युत संयोजन की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई 2024 में प्रेषित किये जाने के उपरान्त भी योजनाओं पर 13 स्थलों पर विद्युत संयोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। शेष 02 स्थलों पर कार्य प्रारम्भ नहीं की गयी है। प्रारम्भ कराये गये कार्यों की प्रगति भी धीमी है। उक्त के अतिरिक्त पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं में संयोजन की धनराशि लगभग 02 वर्षों से अधिक समय से पूर्व जल निगम द्वारा जमा कराये जाने के उपरान्त भी संयोजन की कार्यवाही एवं लगभग 6 स्थलों पर लाइन सिफिटंग का प्राक्कलन उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही भी विगत 01 वर्ष से लम्बित है।

**जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत नल जल मित्र नामांकन एवं जल सेवा आकलन की स्थिति**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से अधिकतम 02 नल जल मित्र नामांकन का ग्राम प्रधान से प्राप्त करते हुए jjm.up.gov.in पोर्टल पर चढ़ाया जाना है जिसमें विभिन विकास खण्डों से 189 नामांकन प्राप्त हो गये है। जिसे पोर्टल पर चढ़ा दिया गया है। जल सेवा आकलन की कार्यवाही में मुख्यालय से प्राप्त ग्रामों की सूचना के अनुसार जल सेवा आकलन की कार्यवाही सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में जल सेवा आकलन के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत में बैठक करते हुए तदानुसार उक्त की सूचना जे०जे०एम० डैश बोर्ड-2 पर पंचायत सचिव के ई-ग्राम स्वराज के आई०डी० पासवार्ड से फीड करायी जानी है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 116 के सापेक्ष 41 की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। शेष पर कार्यवाही की जा रही है ।

Scanned with OKEN Scanner

निष्कर्ष एवं निर्देश-

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग की चौड़ीकरण/विस्तारीकरण हेतु प्रस्तावित मार्गों पर बिछायी जाने वाली वितरण प्रणाली मे आ रही बाधाओ के निराकरण हेतु लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दशा मे सड़क के चौड़ीकरण/विस्तारीकरण से पूर्व जल निगम द्वारा बिछाई जाने वाली लाइन के कार्य कराए ताकि जनहित मे योजना समय से पूरी हो जिससे अनावश्यक रूप से शासन पर अतिरित व्यय भार न बढ़े । आगामी सप्ताह से उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय एवं लोक निर्माण विभाग आपस मे समन्वय स्थापित करते हुये जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजनाओं की पाइप लाइनों को बिछाए जाने का कार्य इसी माह के अंत तक पूर्ण कराए। साथ ही निर्देश दिया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सूचित क्षतिग्रस्त मार्गों के पुनर्स्थापन के सत्यापन हेतु टीम बनाकर निरीक्षण कराया जाए तदनुसार अवशेष क्षतिग्रस्त मार्गों के मरम्मत कार्यों को फर्म के माध्यम से यथाशीघ्र पूर्ण कराये ।

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त विद्युत वितरण खण्डों के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित योजनाओं के विद्युत संयोजन को समय अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु सामग्री एवं मैनपावर की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त पूर्व निर्मित योजनाए जिसमे धनराशि 2 वर्षों से अधिक समय से पूर्व विभाग को प्राप्त है उक्त के संयोजन की कार्यवाही एवं जहां परिसर के ऊपर लाइनों को शिफ्ट किया जाना है उक्त के प्राक्कलन भी इसी सप्ताह उपलब्ध कराए। योजनाओं का कार्य पूर्ण करने हेतु यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी दशा में योजनाओं का संचालन विद्युत विभाग के कारण विलंबित न हो। अन्यथा की दशा मे विभाग द्वारा कार्यों को समय से पूर्ण न करने की स्तिथि मे शासन को अवगत कराते हुए संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

3. हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना में निर्माणाधीन इण्टेकवेल कार्य विगत 02 वर्षों से लगातार गंगा नदी मे बाढ़ की कटान से प्रभावित होने के दृष्टिगत कटानरोधी कार्य के प्रस्ताव पर बाढ़ खण्ड, सिचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रस्ताव पर कार्य करने हेतु एन०एच०ए०आई० द्वारा बाढ़ खण्ड, सिचाई विभाग से अनुरोध किया गया है। जिसके क्रम मे कटानरोधी कार्य प्राक्कलन मे एन०एच०ए०आई० द्वारा इंगित शर्तों के कारण उक्त पर विभाग स्तर से अंतिम निर्णय न लिए जाने एवं कार्य अवधि स्पष्ट न होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जल निगम (ग्रामीण), योजना के इण्टेकवेल निर्माण मे अपने स्तर से स्थल की आवश्यकता के अनुसार कार्य कराए अथवा नवीन तकनीकी कार्यप्रणाली के अनुसार नदी से कच्चा जल लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही पर विचार करे।

4. सिचाई विभाग एवं डी एफ ओ कार्यालय से अपेक्षित अनापति न मिल पाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डी एफ ओ एवं अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग अपने स्तर से कार्यवाही/पैरवी कर इसी माह अनापत्ति उपलब्ध कराए ।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं को विभिन विभागों से समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद

Scanned with OKEN Scanner

में निर्माणाधीन सतही पेयजल योजना के निर्माण में आने वाली समस्त समस्याओं का निराकरण कराते हुए योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

Digitally signed by AOJASVI RAJ
Date: 10-02-2026 10:54:06

(ओजस्वी राज)
मुख्य विकास अधिकारी,
बलिया।

पृ०सं० 162 / J.J.M / 49 दिनांकः 10 / 02 /2026

**प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बलिया।
3. प्रभागीय अधिकारी सामाजिक वानिकी विभाग , बलिया ।
4. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
5. परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, आजमगढ़।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया।
8. अधिशासी अभियन्ता, एन०एच०/प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया।
9. अधिशासी अभियन्ता सिचाई खण्ड-प्रथम, बलिया।
10. अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, बलिया।
11. जनपदीय टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि० लखनऊ।
12. जिला समन्वयक, प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट, बलिया।
13. परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी फर्म।

मुख्य विकास अधिकारी,
बलिया।

Scanned with OKEN Scanner